राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

जनजाति क्षेत्रों में बजट की 75 फीसदी राशि दिसम्बर तक व्यय की जाये

जयपुर, 16 सितम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने कहा है कि जनजाति क्षेत्रों में विकास के लिए आवंटित बजट की 75 प्रतिशत राशि वित्तीय वर्ष के दिसम्बर माह तक उपयोग कर लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कार्यों की गुणवत्ता और विकास का लाभ जनजाति क्षेत्रों को भरपूर मिल सके, इसके लिए आवश्यक है कि बजट का समुचित उपयोग समय पर किया जावे।

राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने यह निर्देश जनजाति विकास विभाग के सचिव श्री अखिल अरोड़ा को दिये। श्री अरोड़ा ने राज्यपाल श्री मिश्र से सोमवार को यहां राजभवन में मुलाकात कर विभाग की गतिविधियों की जानकारी दी। इस मौके पर मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत के प्रमुख विशेष अधिकारी श्री राजेश गुप्ता भी मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि भारत के संविधान के अनुच्छेद 244 (1) एवं पांचवी अनुसूची में अनुसूचित क्षेत्रों और अनुसूचित जनजातियों के प्रशासन एवं नियंत्रण के सम्बंध में राज्यों के राज्यपालों को उत्तदायित्वों के निर्वहन हेतु विशिष्ट शक्तियाँ प्रदान की गई है। जनजाति क्षेत्रों के विकास कार्यों की मॉनिटरिंग के लिए राजभवन में जनजाति कल्याण प्रकोष्ठ संचालित है।

राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा कि जनजाति क्षेत्रों के लोगों को चिकित्सा व शिक्षा की उत्तम व्यवस्थाएं की जाये। उन्होंने कहा कि स्वच्छता के लिए भी भरसक प्रयास करने की आवश्यकता है। श्री मिश्र ने कहा कि अनुसूचित क्षेत्र में सरकारी नौकरियों में भर्ती के विशेष नियम है। उन्होंने कहा कि भर्तियों में आरक्षण के प्रावधानों का नियमानुसार पालना होनी चाहिए। राज्यपाल श्री मिश्र ने जनजाति क्षेत्रों में चिकित्सा व्यवस्थाओं की समीक्षा किये जाने पर जोर दिया।

राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय को देश का उत्कृष्ट विश्वविद्यालय बनाया जाये – राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से सोमवार को यहां राजभवन में संस्कृत व तकनीकी शिक्षा राज्य मंत्री श्री सुभाष गर्ग ने शिष्टाचार भेंट की। राज्यपाल श्री मिश्र ने श्री गर्ग के साथ चर्चा में कहा कि संस्कृत भाषा की अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि राज्य के संस्कृत विश्वविद्यालय को देश का उत्कृष्ट विश्वविद्यालय बनाया जाये। श्री मिश्र का मानना था कि संस्कृत को प्रचारित–प्रसारित करने की रणनीति बनाई जाये और संस्कृत विश्वविद्यालय में योग व ज्योतिष के पाठ्यक्रमों का विस्तार भी किया जाये।

राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से सोमवार को यहां राजभवन में राजस्थान आवासन मंडल के पूर्व अध्यक्ष श्री अजय पाल सिंह, राजस्थान महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष श्रीमती ममता शर्मा, पूर्व मंत्री श्री अश्क अली टांक, उद्योग विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री सुबोध अग्रवाल, जयपुर नगर निगम के आयुक्त श्री विजयपाल सिंह, भारतीय वन सेवा के अधिकारी श्री राजीव चतुवेर्दी, जयपुर विकास विधिकरण की अतिरिक्त आयुक्त श्रीमती श्रुति भारद्वाज ने भी मुलाकात की।

पूर्व कोयला मंत्री मिले – राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से पूर्व कोयला मंत्री श्री संतोष बागरोडिया ने सोमवार को यहां राजभवन में शिष्टाचार मुलाकात की।

श्री संदीप भूतोडिया की भेंट – राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से राजस्थान फाउण्डेशन के कोलकाता चैप्टर के सचिव श्री संदीप भूतोडिया ने मुलाकात की। श्री भूतोडिया ने राज्यपाल श्री मिश्र को कोलकाता में चल रही प्रवासी राजस्थानियों की साहित्य, कला व संस्कृति की गतिविधियों के बारे में बताया।

श्री भण्डारी की मुलाकात – राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से सवाई मानसिंह महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुधीर भण्डारी ने भी मुलाकात की।

———

डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा
सहायक निदेशक (जनसम्पर्क), राज्यपाल